दैनिक जागरण 10/07/2024

कालेजों की एंट्री क्लास में आठ हजार 967 सीटें

जागरण संवाददाता • अंबाला : कालेजों की एंट्री क्लास में दाखिला के लिए दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट दस जुलाई को जारी होगी। हालांकि पहली लिस्ट (फाइनल) जारी हो चुकी है, जबकि अब जिन विद्यार्थियों का नाम पहली लिस्ट में नहीं आया है तो उनको दूसरी लिस्ट का इंतजार है। इस लिस्ट के बाद भी उन विद्यार्थियों के पास मौका होगा कि वे दाखिला ले सकें। कुल मिलाकर यह प्रक्रिया 30 जुलाई तक चलनी है, जबकि जिला के सोलह कालेजों में 8 हजार 967 सीटें एंट्री क्लास की विभिन्न कोर्स में कालेजों द्वारा घोषित की गई है। अगस्त से शिक्षा सत्र 2024-25 के तहत कक्षाएं शुरू की जाएंगी।

जिला भर के कालेजों में 10 जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट (प्रोविजनल) जारी की जानी है। हालांकि इसे फाइनल ही माना जाता है, लेकिन यदि इस में कोई आब्जेक्शन हो तो कालेज इसे निदेशालय उच्चतर शिक्षा (डीएचई) के समक्ष रख सकता है। इसके बाद 11 जुलाई को दूसरी फाइनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। इसी पर कालेजों व विद्यार्थियों की नजरें हैं। कामर्स की बात करें, तो अंबाला के कालेजों में यह सबसे अधिक 105 प्रतिशत तक गई है, जबकि अब दूसरी मेरिट लिस्ट में यह परसेंटेज कहां तक जाएगी इसी पर नजरे हैं। खासकर पहली मेरिट लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम नहीं आया, उनको दूसरी लिस्ट का इंतजार है। इस में नाम आने के बाद विद्यार्थी 13 जुलाई तक अपनी फीस कालेज में जमा करवा सकेगा। हालांकि कालेजों का कहना है कि पहली लिस्ट जारी होने के बाद विद्यार्थियों का रिस्पांस अच्छा है, लेकिन जब तक दाखिला प्रक्रिया फाइनल नहीं हो जाती, तब तक कह नहीं सकते कि किस कोर्स की सीटों पर कितने विद्यार्थियों ने दाखिला लिया और कितनी खाली रह गई हैं। यही कारण है कि कालेज अभी कुछ कह पाने की स्थिति में नहीं है, जबकि माना जा रहा है कि सीटें तो खाली रहेंगी।

जीएमएन कालेज का प्रवेश द्वार। • आर्काइव

12वीं के बाद तकनीकी कोर्स की ओर रुख

कालेजों की मानें, तो 12वीं की परीक्षा पास करने के बाद जहां कालेजों की एंट्री क्लास में दाखिला लेने के लिए विद्यार्थी आवेदन करते हैं, वहीं काफी संख्या ऐसी है, जो तकनीकी शिक्षा को हासिल करना चाहती है। इसके लिए वे आइटीआइ अथवा पालीटेक्निक का रुख करते हैं। यही कारण है कि यह विद्यार्थी अलग-अलग संस्थानों में दाखिला आवेदन करते हैं। दूसरा एक ही विद्यार्थी कई कालेज में दाखिला आवेदन कर देता है, जबकि इसी कारण से आवेदन के आधार पर कालेज मे आवेदकों की संख्या बढ़ जाती है। लेकिन इस में से कितने विद्यार्थी दाखिला लेते हैं, इसी पर सीटों का भरना तय होता है। फिलहाल कालेजों में 30 जुलाई तक दाखिला लिया जा सकेगा।